तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 1 अक्टूबर 2025


11 अष्टमी पर हुआ हवन पूजन


12 गरबा में आकर्षक परिधानों और शानदार...



B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 05/10/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

# आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए देश में निर्मित सामान का उपयोग करें : शिवरतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

भारतीय जनता पार्टी सिमगा मंडल की बैठक के आत्मनिर्भर भारत को लेकर संपन्न हुई बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा सबका साथ सबका विकास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक सपना है आत्मनिर्भर भारत और उस सपना को साकार करने के लिए हमें सबको प्रेरित करना है श्री शर्मा ने कहा देश के अंदर बनी हुई वस्तुओं का अगर हम अपने निजी जीवन में उपयोग करेंगे तो इसका फायदा देश के 140 करोड़ लोगों को होगा और यही सपना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का है हम लोगों के बीच में जाएं और उन्हें अपने देश के अंदर बनी हुई चीजों को इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित करें ताकि आने वाला समय भारत देश का रहे।

**ये रहे उपस्थित:** आभार प्रदर्शन मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल महामंत्री छोटू यादव, राहुल साहू धीरज जैन, अभिजीत अवस्थी, सचिन जैन, सूर्यकांत ताम्रकार, नपा उपाध्यक्ष विकास सोनकर, विष्णु जायसवाल, टैबू देवांगन, पीतांबर सोनकर, आनंद बंजारे, भागवत वर्मा, रुक्मणी साहू, रजनी दुबे, सरोज देवांगन, फूलबाई धृतलहरे, नीलकंठ यादव, डॉ शीतल निर्मलकर, राजेश सिंह, परस पाटकर, नारायण वर्मा, आशीष शर्मा आदि उपस्थित थे।

## भाजपा सिमगा मंडल की बैठक में आत्मनिर्भर भारत का जोरदार समर्थन



### मोदी का संदेश जन जन तक पहुंचाने की अपील

श्री शर्मा ने कार्यकर्ताओं को आगामी तीन माह के लिए आत्मनिर्भर भारत को मजबूत बनाने जन-जन तक मोदी के संदेश को पहुंचाने के लिए निवेदन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किसान नेता अनिल पांडे ने कहा सपना हर कोई देखे हैं लेकिन सपने को साकार करने का अगर किसी ने काम किया है तो वह है प्रधानमंत्री मोदी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की बात की जब तक मैं अपने देश के अंतिम व्यक्ति का विकास नहीं करूंगा तब तक यह देश को पूर्ण रूप से आजादी नहीं मिलेगी उसी सपना को लेकर जन-जन तक अपनी बात को पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं कुछ असामाजिक तत्व हमेशा उनके अच्छे कार्य को रोकने का प्रयास करते हैं लेकिन मैं गर्व के साथ कह सकता हूं कि देश की 140 करोड़ जनता आज भी मोदी के साथ खड़ी है और कंधे से कंधा ▶▶ शेष पेज 10 पर

## नवरात्रि विशेष



### नवमीः सिद्धिदात्री

नवम नवरात्रि को देवी माता के मंडपों में सिद्धिदात्री देवी की आराधना होती है। सिद्धिदात्री मां दुर्गा का नौवां स्वरूप है। माता की यह शक्ति सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली है। मार्कडेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लांघना, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व यह आठ सिद्धियां है। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है। सिद्धिदात्री को ही जगत को चलाने वाली देवी कहा गया है। देवी पुराण के अनुसार महादेव ने इनकी कृपा से ही सिद्धियां प्राप्त की थी। इन्ही के कृपा से सदाशिव का आधा शरीर देवी का हुआ है। यह भी कथा है कि मधु-कैटभ के वध के लिए महादेवी ने महामाया फैलाई और उसके अनेक रुप हो गए। भ्रमित दानवों ने पूछा कि देवी जब तुम अकेली हो तो इतनी सारी शक्तियां कौन है। तब देवी ने कहा कि सब मेरी शक्तियां हैं। मुझसे अलग कुछ नहीं है। इतना कहते देवी ने तमाम शक्तियां समेट ली और केवल सिद्धिदात्री मां ही रह गई। ऐसे ही समुद्र मंथन के समय सिद्धिदात्री देवी ने ही असुओं को भ्रम में डाला था। सिद्धिदात्री मां कमला ही धन-धान्य की प्रतीक हैं। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली है। कमल पुष्प इनका आसन है। देवी के दाहिने तरफ के नीचे वाले हाथ में चंद्र, उपर वाले हाथ में गदा और बांई तरफ के नीचे वाले हाथ में शंख और उपर वाले हाथ में कमल पुष्प है। जगत का कल्याण करने वाली यह देवी नवरात्री की अधिष्ठात्री भी है। सिद्धिदात्री मां के भक्तों की लौकिक-पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाएं पूर्ण होती हैं। सिद्धिदात्री माता का आराधना का मंत्र है-

सिद्धगंधर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

## मां महागौरी की पूजा-अर्चना से भक्तिमय माहौल, कन्या भोज से खिली मासूम मुस्कानें

# अष्टमी पर्व पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजारॅ

शारदीय नवरात्रि की अष्टमी पर मंगलवार को बलौदा बाजार जिला माता भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिरों और दुर्गा पंडालों की ओर उमड़ पड़ी। भक्तों ने नवदुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। शहर और गांवों का वातावरण जय माता दी के उद्घोष से गूंजता रहा।

जिले के सबसे प्राचीन और प्रसिद्ध लवन की मां महामाया मंदिर में अष्टमी पर्व पर विशेष आकर्षण देखने को मिला। मंदिर के पुजारी ने वेद-मंत्रों के उच्चारण के बीच हवन और अनुष्ठान संपन्न कराया। यहां सुबह से दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं।

**चुस्त दुरुस्त नजर आया प्रशासन:** जहां सभी पंडाल के आसपास श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली इसकी वजह से शहर की ट्रैफिक व्यवस्था भी भीड़ भाड़ की वजह से जाम की स्थिति बनती दिखाई दी। यातायात एवं पुलिस प्रशासन के जवान भी पूरे शहर में चुस्त दुरुस्त नजर आए।





### घर-घर किया गया कन्या भोज

वही बलौदाबाजार जिले के लगभग सभी दुर्गा पंडालों में आज अष्टमी के दिन भंडारा एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया है जिलेभर में घर-घर हवन-पूजन से वातावरण भक्तिमय बना रहा। जगह-जगह कन्या भोज का आयोजन भी किया गया। श्रद्धालुओं ने कन्याओं को देवी का रूप मानकर उनके चरण पूजकर भोजन, फलाहार और उपहार अर्पित किए। छोटी-छोटी बालिकाओं के चेहरे पर झलकती मासूम मुस्कान ने श्रद्धालुओं के हृदय को भाव विभोर कर दिया।



### नवरात्रि अष्टमी पर हुआ विशेष हवन-पूजन

घोटिया। नगर सहित आसपास के अंचलों में नवरात्रि की अष्टमी के पावन अवसर पर भक्ति और श्रद्धा का विशेष वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर गुड्डू महाराज द्वारा विशेष पूजा-अर्चना और हवन-पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने परिवार सहित भाग लिया। श्रद्धालुओं ने अपने कष्टों के निवारण एवं मनोकामना पूर्ति हेतु हवन में आहुति दी तथा खीर, पूरी, हलवा और नारियल का भोग अर्पित कर माँ दुर्गा की विधिवत पूजा की। ग्रामीणों ने विभिन्न देवी ▶▶ शेष पेज 10 पर



# म्यूल अकाउंट से साइबर ठगीः तीन आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- ठगी की रकम खातों में जमा कर खुद उठा रहे थे लाभ
- तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर हुई गिरफ्तारी, जांच जारी

बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने म्यूल अकाउंट के माध्यम से साइबर ठगी में संलिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपियों पर धोखाधड़ी की रकम को अपने बैंक खातों के माध्यम से ठगों तक पहुंचाने और बदले में कमीशन लेने का आरोप है। थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत साइबर ठगी के एक मामले में पहले से गिरफ्तार आरोपी लक्ष्मी नारायण पटेल से पूछताछ के बाद इस ठगी नेटवर्क में जुड़े अन्य लोगों का भी खुलासा हुआ। तकनीकी और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर साइबर सेल और कोतवाली पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में तीन और आरोपियों ईश्वर प्रसाद उर्फ विवेक पटेल, रविशंकर कश्यप और आयुष बंजारे को हिरासत में लिया गया।

पूछताछ में सामने आया कि ईश्वर प्रसाद पटेल ने साइबर ठगी से प्राप्त रकम को आयुष बंजारे और रविशंकर कश्यप के बैंक खातों में ट्रांसफर करवाया था। बदले में आयुष को 14,500 और रविशंकर को 30,000 नकद दिए गए। तीनों आरोपियों के खातों में ठगी की रकम जमा होने की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने उन्हें 29 सितंबर 2025 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने की कार्रवाई शुरू की।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने की गौरीशंकर अग्रवाल से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

भाजपा मंडल कसडोल के कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल से सौजन्य मुलाकात कर आर्शीवाद प्राप्त किया गया है। आज निज निवास स्वर्णभूमि रायपुर में मातागढ़ ट्रस्ट तुरतुरिया कसडोल के पदाधिकारियों राजकुमार बरिहा उपाध्यक्ष भाजपा मंडल कसडोल, वेदराम बरिहा पूर्व सरपंच, मानसिंग़ निर्मलकर, लक्ष्मण कुरवंशी, छनक राम यादव, से नीलकंठ यादव, कोयल दास मानिकपुरी, रामअवतार वर्मा, हीरा पैकरा, कृष्ण कुमार कश्यप, अंजोर दास, फूल सिंह,



राम, सीताराम, गोविंद, तिहार सिंह, सुंदर यादव, नरसिंह पैकरा, धनसिंह, भागीरथी पैकरा, सी एल साहू, राजकुमार सेन, संतोष ठाकुर, संजय ध्रुव ने सौजन्य भेंट की एवं गुलदस्ता भेंटकर आशीर्वाद प्राप्त किया।



## विशेषज्ञ समिति ने किया उपजेल बलौदाबाजार का निरीक्षण

**बलौदाबाजार** | दस्तावेजों के अभाव व अन्य किसी कारण से जेल में 18 वर्ष से कम आयु के बालकों के निरूद्ध होने की संभावना को दृष्टिगत करते हुए वर्ष 2025-26 के द्वितीय त्रैमास के लिए उपजेल बलौदाबाजार का विशेषज्ञ समिति के सदस्यों के द्वारा निरीक्षण किया गया। विशेषज्ञ समिति के सदस्यों के द्वारा 18 से 21 वर्ष आयु वर्ग के निरूद्धो हेतु निर्धारित बैरक में जाकर प्रथम दृष्टया में 18 वर्ष से कम आयु के ▶▶ शेष पेज 10 पर

# पथरिया-परसाडीह सड़क बदहाल, गड्ढों में तब्दील मार्ग बना हादसों का कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

सरकार लोगों के आवागमन के लिए सड़क निर्माण करवाती है। जिसमें करोड़ों रुपये के बजट पास करती है, ताकि आम लोगों को आवागमन मे सुविधा हो। लेकिन सरकार के ये मंशा असफल होते नजर आ रही है जिसका उदाहरण पथरिया से परसाडीह सड़क वर्षों पुरानी निर्माधिन हुआ था। लेकिन अभी पूरा गड्ढे मे तब्दील हो गया है। जिसके कारण पानी भरा हुआ है और लोगों को आवागमन करने ▶▶ शेष पेज 10 पर



### शासन से मरम्मत की मांग

ग्रामीणों से चर्चा करने पर बताया कि सड़क पूरी तरह से खराब हो चुका और बरसात के दिनों से पानी भरा रहता और गर्मी के दिनों मे धूल उड़ता और लोगों को आवागमन करने मे बहुत परेशानी हो रही है। राहगीर अपने जान को हथेली मे रखकर चलते हैं। क्षेत्र के लोगों ने सड़क को तत्काल मरम्मत कराने की मांग शासन प्रशासन से की है ताकि राहगीरों को आवागमन करने मे सुविधा हो।

## खबर संक्षेप

### भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ ने वृद्ध आश्रम में बांटी चादरें




**बलौदाबाजार** | जिला भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं ने वृद्ध आश्रम में बांटे चादर बलौदाबाजार भारतीय जनता पार्टी एनजीओ प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं के द्वारा भाजपा के सिवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत जिला मुख्यालय स्थित वृद्ध आश्रम जाकर बुजुर्ग जनों को एनजीओ की तरफ से चादर का वितरण किया गया इस दौरान वहां मौजूद बुजुर्ग लोगों के साथ भजन का कार्यक्रम भी किया गया। इस कार्यक्रम में जिला भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अशोक सोनी ने कहा कि उनका उद्देश्य गरीब व कमजोर तथा जो अपने बच्चों से अलग हुए मां-बाप हैं जिनकी अपेक्षा उनके खुद के संतानों ने किया है ऐसे मां-बाप वह बुजुर्गों को आर्थिक तथा सामाजिक सहायता दे कर के संस्कृति मानव संस्कृति तथा सनातन संस्कृति को बचाए रखना है यही ▶▶ शेष पेज 10 पर

## नारे लिखकर लोगों को समझाया पोषक तत्वों का महत्व

# दीवार लेखन से दिया संतुलित आहार जरूरी का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

- पलारी में पोषण माह के तहत जागरूकता अभियान में बच्चों की सक्रिय भागीदारी

शासकीय हाई स्कूल चरोदा ब्लॉक पलारी में भारत स्काउट एंड गाइड्स के बच्चों ने पोषण माह के तहत चलाए गए जागरूकता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। राज्य और जिला स्तरीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में स्काउट गाइड्स ने दीवारों पर नारे लि ख क र जनमानस को संतुलित आहार लेने और पोषक तत्वों के महत्व को समझाने का संदेश दिया।

भारत स्काउट एंड गाइड्स रायपुर छत्तीसगढ़ राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत खालसा राज्य सचिव जितेंद्र साहू एवं जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुहे, जिला मुख्य आयुक्त डॉक्टर अजय राव एवं जिला आयुक्त गाइड वंदना तिवारी, सहायक जिला आयुक्त नरेश वर्मा पलारी, जिला सचिव जगदीश साहू, संयुक्त जिला सचिव कीर्ति वर्मा के निर्देशन एवं जिला संगठन आयुक्त स्काउट सूरज, जिला संगठन आयुक्त गाइड नेहा उपाध्याय एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त मनीष बघेल, स्काउट जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड रजनी कला पाटकर, ब्लॉक सचिव संजीव पटेल, शाला प्रभारी कविता ध्रुव के मार्गदर्शन में शासकीय हाई स्कूल चरोदा ब्लॉक पलारी के स्काउट गाइड के बच्चों ने पोषण माह में सरकार के द्वारा चलाए गए जागरूकता अभियान में अपनी सहभागिता दी।




### दीवार लेखन से जागरूकता

उन्होंने दीवारों पर नारा लेखन किया और नारा लेखन करके जनमानस को यह अवगत कराया कि संतुलित आहार शरीर के लिए कितना जरूरी है पोषक तत्व शरीर के लिए क्यों आवश्यक है कम से कम लोग दीवार में लिखो नारे के माध्यम से पोषण की महत्व को समझें और पोषण युक्त आहार अपने खान पान में शामिल करें। इस कार्य में स्काउट खिलावन, शुभम, मोनू, राज, ईश्वर, त्रिदेव, सैफ, गाइड इंदु, पुष्पांजलि, प्रियांशी, जानवी, श्रद्धा, खुशबू, उर्वशी, हेमा, खिलेश्वरी, सिमरन आदि ने अपना सहयोग दिया।

# फसलों पर शीत ब्लास्ट और माहो का प्रकोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

गांव-गांव के खेतों में इन दिनों शीत ब्लास्ट, माहुल, लकवा आदि रोगों का प्रकोप तेजी से फैल रहा है। धान की लहलहाती फसलें इन बीमारियों की चपेट में आकर पीली पड़ रही हैं, जिससे किसानों की मेहनत और उम्मीदों पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। भरुवाडीह कला के अग्रणी कृषक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि लगातार बदलते मौसम और रोगों के फैलाव से फसलों की उत्पादकता पर गहरा असर पड़ रहा है। किसान मजबूरीवश कीटनाशकों का छिड़काव कर रहे हैं ताकि किसी तरह फसल को बचाया जा सके। इसी क्रम में कृषक कपिल निषाद, रमेश निषाद और सेतराम वर्मा ने भी अपनी चिंता व्यक्त की। उनका कहना है कि यदि समय रहते इन रोगों पर नियंत्रण ▶▶ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### पांच दिवसीय चैतन्य देवियों की झांकी का समापन

**महासमुंद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा पांच दिवसीय चैतन्य देवियों की झांकी का सफल समापन हुआ। स्थानीय सेवाकेंद्र उपकार भवन नयापारा वार्ड में हर वर्ष की भांति श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। मां दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी व काली की जीवंत झांकी पूरे शहर में आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान विशेष अतिथि वार्ड नं 3 पार्षद पप्पू ठाकुर एवं सुनैना ठाकुर दीप प्रज्ज्वलित कर झांकी शुभारंभ किया एवं झांकी का अवलोकन किया।

### शिक्षा से शक्ति विषय पर वेबिनार का आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय के एनडीएलआई क्लब द्वारा शिक्षा से शक्ति विषय पर वेबिनार का आयोजन गूगल मीट पर हुआ। मुख्य वक्ता डॉ. शाज़िया खान सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय रहीं। कार्यक्रम में एनडीएलआई क्लब के अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. एसबी कुमार एवं सभी सदस्य डॉ. मनोज कुमार शर्मा, ओंकार साहू, वंदना यादव उपस्थित रहे। संपूर्ण तकनीकी प्रक्रिया का संपादन नोडल अधिकारी एनडीएलआई क्लब अजय कुमार वास ग्रंथपाल ने किया। इस आयोजन में महाविद्यालय के अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही।



### शहीद स्मारक में हुई पूर्व सैनिक संगठन की बैठक

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में पूर्व सैनिक संगठन की बैठक हुई। इस दौरान प्रस्तावित कार्यों पर चर्चा हुआ। शहीद स्मारक के अंदर जो नाली है, वह पूरा टूट गया है, जिसे नया बनानाने, बाउंड्री वाल जो पुरानी पाइप से बनाया गया था, वह अब खराब होकर टूटने लगा है एवं शहीद स्मारक के सामने जो शहीद स्मारक के जाने का रोड है, वह खराब होने लगा है। इन सभी को बनाने को लेकर चर्चा की गई। जिस पर सरपंच से चर्चा गई। महासमुंद विधायक से दो-तीन बार इस बारे में पत्र दिया जा चुका है। शहीद स्मारक को हर हमेशा साफ सुथरा रखने पर चर्चा की गई साथ ही शहीद स्मारक और तालाब के आसपास साफ-सफाई की गई। बता दें रविवार को महासमुंद के पूर्व सैनिक के परिवारों और ग्राम पंचयत खरोरा के पंचों द्वारा शहीद स्मारक पर साफ-सफाई की जाती है।



### थाना प्रभारी को खल्लारी का छायाचित्र किए भेंट

**खल्लारी।** क्वांर नवरात्र पर्व पर खल्लारी थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार नाग को सामाजिक कार्यकर्ता व ग्राम पंचायत खल्लारी के उपसरपंच तारेश साहू ने मां खल्लारी का छायाचित्र भेंट किया। इस अवसर बसंत साहू, इंद्र कुमार चौहान, मिल्लुराम साहू आदि उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत्त होने पर महाजन को दी गई विदाई

**महासमुंद।** कलेक्टर कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा में पदस्थ मानचित्रकार अरुण महाजन को 33 साल की सेवा के बाद सेवानिवृत होने पर विभाग की ओर से भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान प्रमोद सर, संजय शेल्के, रामकुमार साहू, कोमल डहरिया, बजरंग यादव, जीवराखन ध्रुव, टीकम नागेश, बहादुर, बिशाखा, बेला दीवान, चमेली आदि मौजूद रहे।

# विधायक ने बहनों की सेवा और उनके सशक्तिकरण व स्वावलंबन का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जन्मदिन के अवसर पर आयोजित

■ शादी में जोड़ा भेंट किए जाने की पहल को मंत्री ने सराहा

कार्यक्रम के दौरान विधायक योगेश्वर राजू सिंहा ने माता-बहनों के लिए विशेष संकल्प लिया। साथ ही बहनों के सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन के लिए हर संभव प्रयास करने का वादा किया। जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीन, बहनों को शादी पर जोड़ा वितरण के संकल्प के साथ कार्यक्रम के दौरान माताओं-बहनों को साड़ी वितरण किया गया। इस दौरान धार्मिक आयोजनों को बढ़ावा देने मंडलियों को मांदर एवं ढोलक भी भेंट किया।

इस अवसर पर डॉ रमन सिंह एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े विशेष तौर पर रुद्राभिषेक में हुए। मंचस्थ अतिथियों में सांसद रूपकुमारी चौधरी, बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, कृषि एवं बीज विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य इंजीत सिंह गोल्डी, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक रामलाल चौहान, त्रिलोचन पटेल सहित अन्य नेतागण, पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित रहे।



विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि तीजा पर्व के दौरान स्वास्थ्यगत कारणों से पर्व का आयोजन नहीं कर पाया। इसलिए जन्मदिन पर बहनों को साड़ी वितरित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सिन्हा ने कहा कि क्षेत्र जिन बहनों की शादी तय होने पर उन्हें शादी का जोड़ा प्रदान किया जाएगा। डॉ रमन सिंह एवं लक्ष्मी राजवाड़े ने इस पहल की सराहना की। सिन्हा ने जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीन भी भेंट किया। साथ ही धर्म एवं संस्कृति को बढ़ावा देने वाले विभिन्न मंडलियों को भेंट प्रदान की।

### विधानसभा अध्यक्ष सिंह व मंत्री राजवाड़े ने की सराहना

विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कहा कि 17





सितम्बर से 2 अक्टूबर तक मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के दौरान विधायक सिन्हा ने जन्मदिन पर महिला सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन के लिए भेंट प्रदान करने पर सराहना की। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने विधायक द्वारा शादी में बेटियों को जोड़ा दिए जाने की पहल को सराहा। साथ ही कहा कि बहनों को सिलाई मशीन भेंट कर उन्हें स्वावलंबी बनाने का कार्य किया जा रहा है।

## मांग : आक्रोशित किसानों ने एसडीएम पिथौरा को ज्ञापन सौंपकर की कार्रवाई की मांग

# सागुनढाप खरीदी केंद्र में 1514.40 क्विंटल धान घोटाला, कार्रवाई नहीं हुई तो 6 को चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

विकासखंड अंतर्गत आने वाले धान खरीदी केंद्र सागुनढाप में खरीफ वर्ष 2024-25 के दौरान बड़े पैमाने पर अनियमितता सामने आई है। यहां कुल 1514.40 क्विंटल धान की कमी पाई गई है। किसानों का आरोप है कि प्राधिकृत अध्यक्ष मथामणी बढ़ाई, धान खरीदी प्रभारी हरिलाल साव और कंप्यूटर ऑपरेटर की मिलीभगत से यह भ्रष्टाचार किया गया। किसानों ने बताया कि कई ऐसे किसानों के नाम पर धान खरीदी दिखाकर शासन को चूना लगाया गया, जिनके पास बेचने के लिए धान था ही नहीं। इन किसानों के खाते में भुगतान की राशि डाली गई और बाद में कथित रूप से उसे आरटीजीएस के जरिए प्राधिकृत अध्यक्ष मथामणि बढ़ाई के खाते में ट्रांसफर करा लिया गया। किसानों का कहना है कि इस घोटाले से न केवल समिति बल्कि शासन को भी लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

इस मामले में समिति के किसानों ने उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं महासमुंद के समक्ष शिकायत कर जांच की मांग किये हैं। लेकिन कार्रवाई नहीं होने से किसानों में भारी आक्रोश है। किसानों ने मंगलवार को एसडीएम पिथौरा को ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे 6 अक्टूबर को राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर चक्काजाम करेंगे।

धान खरीदी प्रभारी हरिलाल साव ने बताया कि वे केवल प्राधिकृत अध्यक्ष मथामणि बढ़ाई के दबाव में यह कार्य करने को मजबूर हुए। उन्होंने कहा कि उनके ऊपर जबरदस्ती दबाव बनाया गया। और यह कार्य कराया गया। वहीं जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक सांकरा के प्रबंधक पी मांझी ने पुष्टि की कि समिति में धान की कमी है और किसानों द्वारा शिकायत की गई है, लेकिन अभी जांच लंबित है। उधर, प्राधिकृत मथामणि बढ़ाई ने फोन कॉल रिसीव नहीं किया।




### धान खरीदी में हर वर्ष होती है भ्रष्टाचार

वहीं पिथौरा क्षेत्र में धान खरीदी केंद्रों में गड़बड़ियों का यह कोई पहला मामला नहीं है। लगभग हर वर्ष किसी न किसी समिति में ऐसे फर्जीवाड़े सामने आते हैं, लेकिन कड़ी कार्रवाई के अभाव में दोषियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। किसानों ने शासन से मांग की है कि जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह के घोटालों पर पूरी तरह से रोक लगाई जा सके।

### धान खरीदी में होती है जमकर भ्रष्टाचार

छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है और यहां समर्थन मूल्य पर बड़े पैमाने पर धान खरीदी की जाती है। लेकिन सच्चाई यह है कि इस व्यवस्था में लगातार भ्रष्टाचार पनप रहा है। जिम्मेदार अधिकारियों और समिति पदाधिकारियों की मिलीभगत से ऐसे घोटालों के कारण राज्य सरकार को हर साल करोड़ों का नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं धान खरीदी केंद्र सागुनढाप में 1514.40 क्विंटल यानी 46,94,640 रुपये का घोटाला किया गया है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि इस मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन को और उग्र करेंगे तथा प्रदेश स्तर पर भी प्रदर्शन करने से पीछे नहीं हटेंगे।



### नवरात्रि का आठवां दिन महागौरी को समर्पित

**महासमुंद।** ग्राम मोरधा में आयोजित झांकी कार्यक्रम में पहुंचे तुषार साहू पहुंचे। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि हेमंत साहू, ईश्वर साहू, डॉ.परमानंद साहू मौजूद रहे। ग्राम नयापारा, बरगांव, बिरकोनी, खट्टीडीह, गोपालपुर, बरबसपुर, अछरीडीह के दुर्गा पंडालो में पहुंचकर भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू पूजा अर्चना कर क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि पौराणिक कथा के अनुसार नवरात्रि का मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी को समर्पित होता है। महाअष्टमी तिथि पर माता महागौरी की विशेष पूजा का विधान है। महागौरी को सौम्यता और शांति का प्रतीक माना जाता है। माता का यह स्वरूप अत्यंत तेजवान है। माता महागौरी को भगवान महादेवी की अर्धांगिनी के रूप में भी पूजा जाता है। माना जाता है कि जो मां महागौरी की पूजा सच्चे मन से करता है, देवी प्रसन्न होकर उस पर कृपा बरसाती हैं और जीवन से नकारात्मकता दूर हटाती हैं। देवी महागौरी की साधना करने से सुख-समृद्धि आती है।



### सिमगांव में नवरात्रि कार्यक्रम में सम्मिलित हुए विधायक

**बागबाहरा।** शारदीय नवरात्रि पर सिमगांव में आयोजित भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में पूर्व संसदीय सचिव एवं वर्तमान खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव सम्मिलित हुए। इस दौरान उन्होंने मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली, समृद्धि और शांति की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक यादव ने कहा कि "नवरात्रि का पर्व शक्ति और आस्था का प्रतीक है। यह पर्व हमें मातृशक्ति के सम्मान के साथ-साथ सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने का संदेश देता है।" इस अवसर पर प्रमुख रूप से डूमरौतीन ठाकुर, कन्हैया निषाद, दीनूराम साहू, खेलो राम निषाद, टीकम ठाकुर, भागीरथी साहू, इंद्रमण निषाद, जीवन जोशी, बृजलाल निषाद, महेश साहू, नरसिंह ठाकुर, कालानाथ निषाद, अनस राम ठाकुर, पुरोहित महाराज, व्यास नारायण पटेल एवं तोलाराम चक्रधारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, महिलाएँ एवं युवा उपस्थित रहे।

# बागबाहरा में प्रांत स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ की योजनानुसार स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर बागबाहरा में प्रांत स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ 29 सितंबर को हुआ। इस प्रतियोगिता का आयोजन 01 अक्टूबर 2025 तक किया जा रहा है। उद्घाटन अवसर पर महासमुंद जिला पंचायत के उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय संचालन समिति के सहसचिव जोगेंद्र सिंह ने की। विशेष अतिथि के रूप में बागबाहरा नगर पालिका के उपाध्यक्ष एवं विद्यालय के पूर्व छात्र देवेश साहू उपस्थित रहे।



मुख्य अतिथि ठाकुर ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उपविजेता खिलाड़ियों से निराश न होकर और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रयास करने का आह्वान किया। विशेष अतिथि साहू ने कहा कि कबड्डी ही ऐसा खेल है, जो हमें पुनर्जन्म का स्मरण कराता है। उन्होंने अपनी प्रगति का श्रेय विद्यालय की शिक्षा एवं संस्कार को देते हुए सशिमं के योगदान को महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर विद्यालय संचालन समिति के सचिव/व्यवस्थापक राहुल अग्रवाल, साधारण सभा के सदस्य अनिल पुरोहित, प्रांतीय खेल प्रमुख दिवाकर स्वर्णकार, प्रांतीय शारीरिक प्रमुख एवं रायपुर-राजिम विभाग समन्वयक मानिकलाल साहू सहित अनेक नागरिकगण उपस्थित रहे। प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु छत्तीसगढ़ प्रांत से आए 15 निर्णायक, बिलासपुर के प्राचार्य अनुपम दुबे के नेतृत्व में निरंतर सक्रिय हैं। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रांत के 11 विभागों के 21 विद्यालयों से कुल 323 प्रतिभागी छात्र-छात्राएं एवं संरक्षक हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन बहिन सृष्टि साहू ने किया, वहीं अतिथि परिचय एवं आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्राचार्य नंदूराम निर्मलकर ने किया।

### खट्टी में खिलाड़ी तोरण का हुआ स्वागत



**महासमुंद।** इंटरनेशनल योगासन पैरामेडिकल में विजयी होकर लौटने पर तोरण यादव का ग्राम खट्टी में स्वागत किया गया। इस दौरान सरपंच अनिता मोती मेहरा, उपसरपंच प्रभा ध्रुवंशी, मिथिलेश यादव, गजेंद्र साहू, सावित्री साहू, जनपद सदस्य पुष्पा बाई ध्रुव, ग्राम प्रमुख राजेश निषाद, दिनेश ध्रुव, खेमराज ध्रुवंशी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# पोषण पुनर्वास केंद्र में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ कुणाल नायक, खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी टीआर धृतलहरे व विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक शीतल सिंह के संयुक्त तत्वावधान में पोषण पुनर्वास केंद्र में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के थीम पर पोषण दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम में डॉ अमित कुमार भोई, डॉ जयप्रकाश नायक, सरिता उपाध्याय व सुमित्रा ठाकुर ने विभिन्न प्रकार के फलों, सब्जियों का प्रदर्शनी लगाकर बताया कि गर्भवती महिलाओं को मौसमी फल का सेवन करना चाहिए एवं तिरंगा भोजन को अपने थाली का हिस्सा बनाना है तथा बच्चों को 6 माह तक सिर्फ मां का ही दूध पिलाना है और कुपोषित व कम वजन के बच्चों को एनआरसी में भर्ती किया जाता है, जहां पर पोष्टिक आहार दिया जाता है। बच्चों को विशेष रूप से निगरानी में रखते हुए नियमित रूप से उसका देखभाल किया जाता है। बच्चा सुपोषित व स्वस्थ होकर घर जाता है। यदि किसी गर्भवती महिला का खून 7 ग्राम से कम हो जाता है तो उसे सीएचसी में निःशुल्क खून चढ़ाया जाता है। सभी बच्चों के स्वास्थ्य का देखरेख विशेषज्ञ डॉ कुणाल नायक द्वारा किया जाता है।



## पेज 9 के शेष

### पथरिया-परसाडीह सड़क ...

मे बहुत परेशानी हो रहा है। ज्ञात हो कि आयुर्वेद ग्राम परसाडीह स्व. रेशम लाल जांगड़े स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं सतनामी समाज के प्रथम सांसद व माननीय भूषण जांगड़े पूर्व राज्यसभा सांसद के गृह ग्राम है। उनके बाद भी उक्त सड़क बेहाल तो अन्य क्षेत्र का क्या हाल होगा जो सोचने वाली बात है। जबकि नैतिकता से देखा जाए तो उस गांव की सड़क सामान्य होना चाहिए। गिधौरी- सारंगढ़ मेन रोड़ कुछ कुछ जगह कुआ नुमा गड्ढे हो चुकी है जो बहुत खतरनाक साबित हो रहे है रात हो या दिन उस गड्ढे मे जाने अनजाने मे मोटर साइकिल घुसा तो बहुत चोटी पहुँच रहा है।

### नवरात्रि अष्टमी पर

मंदिरों में पहुंचकर माता रानी के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की। सुबह से ही मंदिरों में हवन-पूजन की तैयारियों को लेकर समिति सदस्यों और भक्तों में विशेष उत्साह देखा गया। गांव में स्थित विभिन्न प्राचीन देवी मंदिरों में सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने सहभागिता कर पूजा-अर्चना में हिस्सा लिया। परंपरा के अनुसार माँ दुर्गा को प्रिय लाल रंग के वस्त्र, लाल फूल, लाल चंदन, धूप और पूजन सामग्री अर्पण की गई। पूजा में श्रद्धालुओं ने आस्था से परिपूर्ण वातावरण में धार्मिक अनुष्ठानों को सम्पन्न किया।

### मोदी का संदेश ...

मिलाकर चल रही है। आज उसका परिणाम है कि आत्मनिर्भर भारत के तहत बीएसएनएल का 4जी सिम जो हमारे देश के अंदर बना है उसको लॉन्च किया गया है यह इस देश के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है श्री पांडे ने कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री की बातों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की।

### भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ ...

एकमात्र उनके जीवन का मूल उद्देश्य है। इस कार्यक्रम मे भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष नरेश केसरवानी, जिला उपाध्यक्ष नीलम सोनी, शहर भाजपा के महामंत्री संजय श्रीवास, एडवोकेट शिव नरेश मिश्रा सहित कार्यकर्ता शामिल हुए।

### विशेषज्ञ समिति ने ...

दिख रहे बालकों से उनकी आयु के संबंध में पूछताछ की गई। एक बालक के द्वारा अपनी आयु 18 वर्ष से कम बतायी गई। समिति के सदस्यों के द्वारा बालक के आयु संबंधित दस्तावेजों का अतिशीघ्र सत्यापन कर आयु 18 वर्ष से कम होने पर बालक के प्रकरण को किशोर न्याय बोर्ड में स्थानांतरित कराए जाने का आग्रह जेल निरीक्षक से किया गया। निरीक्षण के दौरान किशोर न्याय बोर्ड बलौदाबाजार के सामाजिक कार्यकर्ता प्रवीण अग्रवाल, जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रकाश दास, विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी मेघा शर्मा एवं सामाजिक कार्यकर्ता टुकेश्वर जगत उपस्थित रहे।

### फसलों पर शीत...

नहीं पाया गया तो किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने प्रशासन और कृषि विभाग से आग्रह किया कि वे तत्काल प्रभावी कदम उठाकर किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन और आवश्यक सहयोग प्रदान करें। गांव के किसान सामूहिक रूप से इस आपदा से लड़ने के प्रयास कर रहे हैं, लेकिन मौसम की मार और रोगों का बढ़ता प्रकोप कृषि समुदाय के लिए बड़ी चुनौती बनकर सामने आया है।

# उपभोक्ता आयोग ने दिलाई वाहन की दुर्घटना बीमा राशि

**बलौदाबाजार।** बीमा कंपनी द्वारा बीमित वाहन के दुर्घटना होने पर वाहन मरम्मत राशि प्रदाय नहीं किये जाने के मामले में उपभोक्ता आयोग द्वारा बीमा कम्पनी को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए आवेदक को 2,43,529 रूपए तथा मानसिक एवं आर्थिक क्षति हेतु राशि 10,000 तथा बाद व्यय हेतु 3000 प्रदाय किये जाने का आदेश पारित किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार निवासी संतराम साहू द्वारा अपने वाहन का बीमा अनावेदक कम्पनी से कराया था जिसका अनावेदक ने 12,468 प्रीमियम भी प्राप्त किया। 14 अक्टूबर 2024 को उक्त वाहन चलाते समय वाहन का आगे का टायर फट जाने से वाहन अनियंत्रित होकर क्षतिग्रस्त हो गया जिसकी जानकारी अनावेदक अपनी को दिया गया, उपरांत वाहन मरम्मत के लिये दावा प्रस्तुत किया गया परंतु अनावेदक ने दावा अस्वीकार कर दिया जिससे परिवेदित होकर आवेदक ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में शिकायत प्रस्तुत किया गया।

आयोग के अध्यक्ष छमेशवर लाल पटेल व सदस्यगण हरजीत सिंह बावता एवं शारदा सोनी ने पेश दस्तावेजों एवं बीना संबंधित एवं नियम शर्तों नियमों का सूक्ष्मता से अध्ययन कर पाया कि आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज बीमा प्रमाण पत्र के परिशीलन से प्रकट है कि जीरो डिप्रीशियेसन हेतु भी प्रीमियम अदा किया गया है। अनावेदक द्वारा वाहन के नुकसानी के सम्बंध में सर्वेयर लॉस एसेलर का रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं किया है न ही सर्वे कराये जाने बाबत किसी प्रकार दस्तावेज प्रस्तुत किया है। अनावेदक एच.डी.एफ.सी. इरगो जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड कम्पनी रायपुर को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए आवेदक को वाहन मरम्मत की राशि 2,43,529 रुपये प्रदाय करने एवं मानसिक तथा आर्थिक क्षति के रूप में 10,000 एवं वाद व्यय के रूप में 3,000 रुपये आदेश दिनांक से 45 दिन के भीतर प्रदाय किये जाने का निर्णय सुनाया गया है।

## सहाड़ा नवरात्रि पर्व पर विशेष चलित झांकियों का प्रदर्शन








**भवानीपुर।** ग्राम पंचायत सहाड़ा मे प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्र पर्व पर जगह-जगह लाइट डेकोरेशन एवं झांकियों का विशेष प्रदर्शन की जा रही है। बरम देव, नंदेश्वर महादेव चौक, मे युवा संगठन के द्वारा मां नवदुर्गा प्रतिमा श्री गणेश विवाह कि विशेष झांकी का प्रदर्शन और मां शारदा की पहाड़ा वाली मईहर की शारदा मां की मूर्ति स्थापित की गई है। गौरा चौक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा शिव पार्वती विवाह की चलित झाकी एवं छत्तीसगढ़ ग्रामीण परिवेश की विशेष झलक के साथ छत्तीसगढ़ की नव शक्तिपीठ की दर्शनार्थियों को दर्शन हो रहा है।

## खबर संक्षेप



### दशरमा में जगराता के साथ में झांकी का प्रदर्शन

**रिसदा।** नवरात्रि के पावन अवसर में मुख्यालय से चार किमी दूर ग्राम दशरमा में मां शारदा भवानी विराजमान है। यहां जय मां मावली झांकी माता जगराता ग्राम मर्राकोना समिति द्वारा कराया गया उक्त कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सरपंच मधु नीलकंठ साहू, जनपद सदस्य जगमोहन घृतलहरे, सोसाइटी अध्यक्ष आसाराम ध्रुव, समिति के सदस्य नेतराम साहू, कामदेव पैकरा, अलखी यदु, तेजकुमार साहू, रूपनारायण साहू, ईश्वर यदु, श्यामा यादव शाहिद बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने जगराता एवं झांकी प्रदर्शन का आनंद लिया।

### पप्पू अली ने जताया आभार

**सिमगा।** पप्पू अली को अखिल भारतीय असंगठित कामगार कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। अली ने बताया कि मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को इतनी बड़ी जिम्मेदारी देने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष शैतान सिंह, छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, प्रभारी महामंत्री मलकित सिंह गैंदू, गिरीश देवांगन, सुशील सन्नी अग्रवाल, भाटापारा विधायक इन्द्र साव, एवं समस्त जिला अध्यक्ष ब्लाक अध्यक्षों का आभार व्यक्त किया है।



### दुर्गा उत्सव की धूम भक्ति भाव में लीन श्रद्धालु



**मुंडा।** नवरात्रि पर्व के अवसर पर ग्राम सुढेला बाजार चौक में मां दुर्गा की पूजा अर्चना विधिवत रूप से जारी है। श्रद्धालु मां दुर्गा की आराधना में लीन होकर पूरे भक्ति भाव से पूजा कर रहे हैं। जसगीत और भक्ति गीतों के माध्यम से माहौल को भक्तिमय बना रही। जयकारों से पूरा वातावरण देवीमय प्रतीत हो रहा है। नवरात्र के अवसर पर अनेक श्रद्धालु 9 दिन का व्रत रखकर माता की आराधना कर रहे हैं तो कई भक्त पूरे समय नंगे पांव रहकर पूजा पाठ भजन कीर्तन और सेवा में लगे हुए हैं। पंडा रामलाल वर्मा, समारु गुरुजी ने बताया कि बाजार चौक में संध्या आरती के समय बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचकर पूजा अर्चना करते हैं। जिससे धार्मिक उत्साह और सामूहिक एकता की भावना झलक रही है।

**पर्व :** मंदिर समिति और प्रशासन ने की भक्तों की सुविधा और सुरक्षा के लिए व्यापक प्रबंध

# शक्तिपीठ मां महामाया मंदिर में उमड़ा भक्ति भाव का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

आदिशक्ति जगत जननी मां दुर्गा की उपासना का पावन पर्व शारदेय नवरात्रि पूरे अंचल में भक्ति, उल्लास और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर है। श्रद्धा और विश्वास के इस महापर्व पर जिले के मंदिरों में जहां दिन-रात देवी आराधना का दौर जारी रही, वहीं लवन ब्लाक स्थित मां महामाया मंदिर इस शारदीय नवरात्र आस्था का सबसे बड़ा केंद्र बना रहा।

शक्ति पीठ मां महामाया मंदिर इस प्राचीन मंदिर में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा है। सुबह चार बजे से ही आरती, घंटों की मधुर ध्वनि और जय माता दी के जयकारों से वातावरण गूंज उठता है। श्रद्धालु दूर-दूर से दर्शन हेतु पहुंच रहे हैं। दिनभर में हजारों की संख्या में भक्त यहां माथा टेकने आते हैं। रात होते ही मंदिर परिसर रंग-बिरंगी रोशनियों से जगमगाने लगता है और दृश्य इतना मनमोहक हो उठता है कि श्रद्धा और सौंदर्य का संगम एक साथ दिखाई देता है।

**श्रद्धा और उत्साह का संगम:** नवरात्रि के अवसर पर मंदिर में विशेष साज-सज्जा की गई है। माता के दरबार को आकर्षक फूलों, झालरों, विद्युत लाइटों और रंगीन रिबनों से सजाया गया है। स्थानीय समितियों और भक्तों द्वारा विशेष पूजा-अर्चना, दुर्गा सप्तशती पाठ, कन्या पूजन और अखंड ज्योति कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर परिसर में सुबह से ही लंबी कतारें लग जाती हैं। श्रद्धालु हाथों में नारियल, चुनरी और प्रसाद लेकर माता के चरणों में अर्पित करते हैं। महिलाएं पारंपरिक वालों में भक्ति गीत गाती हैं तो, बच्चे माता के जयकारों से वातावरण को और अधिक पावन बना देते हैं।

**प्रशासन और समिति की तैयारियां:** भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर समिति और प्रशासन द्वारा विशेष प्रबंध किए गए हैं। प्रवेश और निकास मार्गों पर बैरिकेडिंग, भक्तों की सुविधा हेतु पेयजल, चिकित्सा और पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। सुरक्षा के लिए पुलिस बल और स्वयंसेवक लगातार तैनात हैं ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। लवन क्षेत्र के स्थानीय जनों ने बताया कि इस बार मंदिर की साज-सज्जा पिछले वर्षों की तुलना में कहीं अधिक आकर्षक है। मंदिर की मुख्य प्रतिमा के आस-पास फूलों और लाइटों की ऐसी साज-सज्जा की गई है कि हर आगंतुक श्रद्धा से नतमस्तक हो उठता है।





## अष्टमी में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ की गई महागौरी की पूजा-अर्चना

**खरोरा।** नवरात्रि पर्व में सार्वजनिक दुर्गा पंडाल में मां दुर्गा की प्रतिमा की वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। नवरात्रि के आठवें दिन दुर्गा महा अष्टमी के रूप में जाना जाता है। ऐसी मान्यता है कि अष्टमी का दिन अत्यंत पवित्र और शुभ माना जाता है। इस दिन मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा की जाती है। मां महागौरी सुन्दरता शांति शुद्धता और दया की प्रतीक मानी जाती है। उनकी आराधना से मानसिक शांति स्वास्थ्य और समृद्धि प्राप्त होती है।

पंडित चंदन प्रसाद शर्मा ने बताया कि महा अष्टमी का दिन विशेष रूप से कन्या पूजन और भक्तिमय अनुष्ठानों के लिए जाना जाता है। मां महागौरी का रूप अत्यंत शांत और उज्जवल है इसलिए सफेद रंग के पुष्प और भोग अर्पित करना शुभ माना जाता है। इस दिन विशेष रूप से मिठाई, फल, नारियल और पंचमेवा अर्पित किया जाता है। सप्तमी तिथि को कालरात्रि मां की चार भुजाएं और तीन नेत्र है। मां का यह रूप भय, अंधकार और नकारात्मक शक्तियों का नाश करता है। इस दिन मां की पूजा करने से रुके काम पूरे होते हैं और मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। विधि विधान से मां दुर्गा की पूजा करने से भक्तों से बुरी शक्तियां दूर होती हैं। इससे अकाल मृत्यु का भय भी दूर होता है। महा अष्टमी को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान से हवन पूजन कार्य संपन्न किया गया।



### अष्टमी पर हुआ हवन पूजन



**बंगोली।** नव युवक दुर्गोत्सव समिति भाटापारा बंगोली मे नवरात्रि के महाअष्टमी पर मॉ जगदंबे की हवन पूजन करते समस्त ग्रामवासी।

# दुर्गा अष्टमी पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, 2 को होगा भव्य रावण दहन

**सेल।** ग्राम पंचायत सेल में शारदीय नवरात्रि के शुभ अवसर पर दुर्गा महाअष्टमी का पर्व विधि विधान के साथ बड़े धूमधाम से मनाया गया। महामाया मंदिर में भक्तों ने पूजा-अर्चना कर देवी माता का आशीर्वाद प्राप्त किया और घर-परिवार में सुख-समृद्धि की कामना की। आगामी विजयदशमी पर्व के लिए तैयारियां भी जोरों पर हैं, जिसमें दशहरा मैदान में रावण के भव्य पुतले का दहन किया जाएगा।

30 सितंबर को जगत जननी दुर्गा माता की पूजा अर्चना का विधिवत आयोजन महामाया दाई के मंदिर में हुआ, जहां सुबह और शाम को बड़ी संख्या में भक्तों ने महाआरती में भाग लिया। ग्राम पंचायत के सरपंच और पंच ने मंदिर में ज्योत प्रज्वलन की विशेष देखरेख की। पूरे नवरात्रि के दौरान धर्म-कर्म का वातावरण बना रहा और जस गीत के आयोजन से मंदिर परिसर भक्तिमय बना रहा।

सप्तमी तिथि पर करंज पारा मोहल्ला के बरगद के पास दुर्गा माता की प्रतिमाएं स्थापित की गईं, जिनकी रात्रि में सुंदर झांकी निकाली गई। ग्राम पंचायत देवरी कला से आए झांकी दल ने रामायण के सीता स्वयंवर सहित राम-सीता-लक्ष्मण-भरत-शत्रुघ्न के विवाह की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की, जिसे मोहल्लेवासियों ने सांत्वना पुरस्कार देकर सराहा। 1 अक्टूबर को रामनवमी पर्व के अवसर पर दुर्गा माता के पंडालों और महामाया दाई के दरबार में भव्य हवन पूजन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल होंगे। 2 अक्टूबर को ग्राम पंचायत सेल में विजयदशमी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। दशहरा मैदान में रंग-बिरंगी आतिशबाजी के बीच 51 फुट ऊंचे रावण के पुतले का भव्य दहन होगा। आयोजकों ने कहा कि यह पर्व सत्य की जीत और असत्य के पराजय का प्रतीक होगा।



### पूजा-अर्चना और आयोजन

ग्राम पंचायत सेल के सहयोग से महामाया मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। जस गीतों और महाआरती के दौरान भक्तों की उपस्थिति रौनक बढ़ा रही थी। देवी माता की महागौरी तिथि पर विशेष पूजा का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में सुबह से लेकर रात तक महिलाओं और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही, जो सुख-समृद्धि की कामना में लीन थी।

### निकाली गई मनमोहक झांकी

करंज पारा मोहल्ला के बरगद के पास स्थापित दुर्गा माता की प्रतिमाओं के साथ मनमोहक झांकी निकाली गई, जिसमें रामायण के प्रमुख पात्रों का सुंदर चित्रण हुआ। ग्राम पंचायत देवरी कला से आए झांकी दल को सांत्वना पुरस्कार मिला। 2 अक्टूबर को विजयदशमी के अवसर पर दशहरा मैदान में रावण दहन का भव्य आयोजन होगा, जिसमें हजारों लोग शामिल होंगे।

### 151 कन्याओं का पूजन, कन्या भोज और जसगीत से गूंजा विद्यालय



**खरोरा।** सरस्वती शिशु मन्दिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शारदीय नवरात्रि पर्व पर विद्यालय में 151 कन्यायो का कन्या पूजन किया गया विद्यालय के कन्या भारती, शिशु भारती, बालिका शिक्षा दीदियों द्वारा कन्या - भोज व बाल भारती कार्यक्रम के तहत जसगीत प्रतियोगिता संपन्न हुआ। कार्यक्रम के तहत विद्यालय के प्राचार्य अशवनी पाटकर मार्गदर्शन में दीदियों द्वारा शिशु कक्षा अरुण से चतुर्थ तक के 151 बालिकाओं का पूजा अर्चना किया गया। कन्या, मां दुर्गा, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती की रूप होती है इस तरह कन्यायों का पूजन किया गया ततपश्चात सिंगार सामग्री देकर कन्या भोजन संपन्न कराया गया। इस कार्यक्रम में अंबिका बंछोर (नगर पंचायत पार्षद ), कृष्णा अग्रवाल (महिला अग्रवाल समाज अध्यक्ष खरोरा), रंजीता गुप्ता ( बालिका शिक्षा प्रमुख ), कु. डिंपल मानिकपुरी ( शिशु वाटिका प्रमुख), दमयंती डड़सेना की सहयोग रही। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया इस कार्यक्रम में सभी कक्षाचार्यो, दीदियों का

### महाअष्टमी पर कन्या पूजन और सम्मान से गूंजा गांधी चौक





**सेल।** सेल ग्राम पंचायत साबर में गांधी चौक में दुर्गा महा अष्टमी पर नौ कन्याओं को भोजन कराया गया हैं। शारदीय नवरात्रि पर्व के दुर्गा महाअष्टमी दोपहर 30 सितंबर को नौ कन्याओं को भोजन कराकर श्रृंगार भेंट कर सम्मानित किया। माता के भक्तों ने जयकारे लगाते हुए नौ कन्याओं को भोजन परोस कर खिलाया गया। गांधी चौक में सामूहिक रूप से नौ कन्याओं को भोजन कराया गया माता का श्रृंगार भेंट कर सम्मानित किया गया है। नौ कन्याओं को भोजन कराकर उपवास तोड़ा जाएगा। 1 अक्टूबर को रामनवमी पर्व में हवन पूजन कार्यक्रम का आयोजन रखा गया हैं। और 2 अक्टूबर को बड़े धूमधाम से दुर्गा माता का प्रतिमाएं को आंखों से नम किया जाएगा। गांधी चौक में नौ कन्याओं का बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण सम्मिलित हुए थे।

### महामाया मंदिर में कन्या भोज



**भाटापारा।** ग्राम पंचायत खपराडीह महामाया मंदिर में कन्या भोज कराया गया। जिसमें सरपंच ज्ञानचंद नेम राजेंद्र कुमार नेम उदल सिंह नेम पांडा भाई का धनु राजेश ध्रुव शेखर ध्रुव समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

# नपा के आंगनबाड़ियों में मना पोषण पखवाड़ा



**सिमगा।** आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 15 में पोषण माह का आयोजन किया गया। जिसमें पोषण के पति, पिता व पत्नी की जनभागीदारी विषय पर चर्चा किया गया। पोषण में रेडी टू ईट की उपयोगिता तथा 1000 दिवस व बच्चों के पोषण के बारे में जानकारी दिया गया। साथ ही स्थानीय स्तर पर उपलब्ध खाद्य पदार्थो के बारे में जानकारी दी गयी। बच्चे का अपने पिता से भावनात्मक रूप से जुड़ाव के बारे में चर्चा किया गया। उक्त आयोजन में नगरपालिका सिमगा के उपाध्यक्ष विकास सोनकर सहकारी समिति से सोनू यादव व शहनवाज खान पुरुषोत्तम सोनकर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।साथ ही गरम भोजन महिला समूह के सुनैना सोनकर, प्रिया सोनकर, शीलो सोनकर, मंजू सोनकर, सुनीता, रमती, हेमा, नेमा, कविता, रमा, रितू, यशोदा, सरस्वती, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता वार्ड 04- कल्पना तिवारी, वार्ड 11 से मीना साहू, वार्ड 13 से पूर्णिमा सोनकर, वार्ड 14 से ममता दाण्डे, एवं वार्ड 15 से किरण सोनकर उपस्थित रहे।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
26 सितम्बर 2025 SHOW TIME
जौली LLB-3
शो समय -12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
गुरु बालक दास (सीजी)
शो समय - 12:00 PM
ओजी
शो समय - 3:00, 6:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप



### यादव समाज भवन निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन

**सिमगा** । यादव समाज के भवन निर्माण हेतु पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा नपाध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया ने किया भूमि पूजन। सिमगा परिक्षेत्र के यादव सामाज की मांग पर नगर पालिका अध्यक्ष ने भूमि प्रदान किया था। कार्यक्रम में उपस्थित यादव बंधुओं को पूर्व विधायक विधायक शिवरतन शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया ने नये भवन निर्माण के भूमिपूजन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम में सोसायटी अध्यक्ष छोटू यादव, जन्तू यदु, धनसिंग यदु, कलीराम, रोशन, किशन, अवध, कान्हा, जितेन्द्र, नीलकण्ठ, जीत्तू एवं राजू यादव सहित सिमगा परिक्षेत्र के यादव बंधु उपस्थित थे।

### आंबा केंद्र में मना पोषण पखवाड़ा



**संडी बंगला** । विगत दिनों बलौदाबाजार के अंतिम छोर में बसे ग्राम खरतोरा के आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 में पोषण पखवाड़ा एवं सुपोषण चौपाल का हुआ आयोजन उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत उपस्थित पदमनी साहू, व पूजा साहू का गोदभराई के कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें व उनके आने वाले संतान की स्वस्थ्य जीवन की शुभकामनाएं दी तो वही वैभव साहू माता मधु साहू का अन्नप्राशन कराया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिटकेश्वरी वर्मा, प्रमुख अतिथिओं में पूर्व सरपंच सविता बिसेसर वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि श्नर्मदा भारती, आँगनबाड़ी सहायिका फुलवा वर्मा, मितानिनों में लखेश्वरी वर्मा, हेमिन बाई, बसंती बाई, थनवारीन, चंद्रकला, गायत्री साहू, पूर्णिमा बाई, चुनेश्वरी, मनु वर्मा आदि ग्रामी

### विशेष मेडिकल बोर्ड का आयोजन आज

**बलौदाबाजार** । जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार में जिला मेडिकल बोर्ड का आयोजन सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को किया जाता है। बुधवार 1 अक्टूबर को दशहरा (रामनवमी) का शासकीय अवकाश होने के कारण विशेष मेडिकल बोर्ड का आयोजन 30 सितम्बर 2025 मंगलवार को किया जा रहा है। इससे शासकीय सेवा में चयनित अभ्यर्थियों का स्वास्थ्य प्रमाण पत्र एवं दिव्यांगजनो का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने में सुविधा होगी।

**रास गरबा : विधायक इन्द्र साव ने रावणभाटा में रंगीला गरबा नाइट का किया शुभारंभ**

# रास गरबा संस्कृति, परम्परा एवं आस्था का प्रतीक : इन्द्र साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नवरात्रि का पर्व शक्ति, भक्ति और संस्कारों का पर्व है। यह हमें अन्याय और अधर्म पर सदैव धर्म और सत्य की विजय का अहसास दिलाता है वही गरबा सिर्फ नृत्य और संगीत ही नही बल्कि हमारी संस्कृति, हमारी परम्परा, हमारी आस्था का प्रतीक है। गरबा के माध्यम से मां की उपासना उसे मनाने उनसे मांगने का पर्व है इससे हमे ऊर्जा,उत्साह एवं उमंग की अनुभूति होती हैं। ऐसे आयोजन भावी पीढ़ी को हमारी संस्कृति, परम्परा से जोड़ने की प्रेरणा देती हैं। उक्त बाते विधायक इंद्र साव ने नगर के दशहरा मैदान पर आयोजित गरबा नाइट और नारायणी नवल धाम में आयोजित गरबा कार्यक्रम के अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कही।

विधायक इन्द्र साव ने कहा कि नवरात्रि पर्व पूरे 9 दिन हम एक ही माता को अलग अलग रूप में पूजने का पर्व है। रास गरबा देवी मां को प्रसन्न करने एवं उनकी उपासना का माध्यम है जो आजकल एक पर्व के रूप में हम मनाते आ रहे है। रास गरबा जहां पहले गुजरात में हुआ करता था अब धीरे धीरे पूरे देश में इस प्रकार के आयोजनों की धूम होती है यह हमारी संस्कृति और परंपरा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो हमें हमारी एकता एवं सामाजिकता की भावना को बढ़ावा देता है यह धार्मिक पर्व हमारी सनातन संस्कृति की ताकत है जो हमें अपने धर्म के प्रति मजबूत बनाती है।

इस अवसर पर आलोक मिश्रा,पार्षद गेंदु साहू, चंद्रशेखर चक्रधारी,ठाकुर राम राजेश साहू विक्की सिंह ठाकुर भोला कवरे, साहू, जितेंद्र शर्मा, सत्यजीत शेंडे, विवेक यदु, जीतकुमार साव नरेंद्र ब्राह्मकर, पुनीत दास मानिकपुरी, रंगीला साहू, सोनू फटाक, हल्दर महाराज, हिरमत साहू, अमृत साहू सरिता ध्रुव, हिंद युवा श्री दुर्गा पूजा उत्सव समिति के सभी आयोजक सदस्यों सहित भारी संख्या मे दर्शक उपस्थित थे।

### सुख शांति अमन चैन का मांगा आशीर्वाद



विधायक श्री साव ने रावण भाठा दशहरा मैदान में, हिन्द युवा श्री दुर्गा पूजा उत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित रंगीला रास गरबा नाइट का, माता के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया,वही नारायणी नवल धाम में आयोजित गरबा कार्यक्रम में शामिल हो कर लोगो को संबोधित किया। इस अवसर पर साव ने माता से क्षेत्र में सुख शांति अमन चैन का आशीर्वाद मांगा। मां दुर्गा की कृपा से सभी प्रफुल्लित रहें एवं आप सब की मनोकामना माता पूरी करें। इसके पूर्व आयोजन स्थल पर विधायक साव के पहुंचने पर समिति के सदस्यों द्वारा उनका स्वागत किया गया। विधायक ने पूरे गरबा पंडाल का घूम घूम कर निरीक्षण कर उपस्थित लोगों से मुलाकात भी करते रहे और बच्चियों का उत्साहवर्धन भी किया। विदित हो कि विधायक श्री साव ने पिछले वर्ष दशहरा मैदान पर राम रावण युद्ध के दौरान अपने संबोधन में इस मैदान पर अच्छे ढंग से कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही थी,और उनके कहे अनुसार रंगीला रास गरबा नाइट में सभी समाज की महिलाएं बच्चियां अपना प्रदर्शन कर रही है।

## गरबा की धूम, पारंपरिक परिधान और देशभक्ति थीम बना आकर्षण



**खरोरा** । इन दिनों जहां पुरे छत्तीसगढ़ में नवरात्रि पर्व धुमधाम से मनाया जा रहा हैं वहीं गांधी गरबा समिति द्वारा में पांच दिनों तक चलने वाली नव दुर्गा पूजा के अवसर पर भव्य पंडालों के साथ श्रद्धालु भक्ति में सराबोर नजर आ रहे हैं। आपको बता दें कि खरोरा में नवरात्र पर्व आते ही जहां सभी देवी मंदिर महाआरती और जय जयकारों से गुंजायमान हो रहा है, वहीं जगह जगह विभिन्न आयोजकों द्वारा गरबा नृत्य कि धुम देखी जा रही है। खरोरा नगर वार्ड क्रमांक 14 में के गांधी गरबा समिति द्वारा विगत 9 वर्षों से लगातार द्वारा गरबा का आयोजन किया जा रहा है । जिसमें खरोरा के महिलाएं ने बढ चढ कर भाग लिया। अलग-अलग परिधानों और वेशभूषा में गरबा के प्रतिभागी आकर्षक दिखे । छत्तीसगढ़ी संस्कृति और परिधान में सुआ, ददरिया नृत्य ने लोगों का मन मोह लिया। वही देशभक्ति के रंग में पूरे माहौल को कला और संस्कृति के रंग में सराबोर कर अनुपम छटा बिखेरी । इस दौरान समिति के महिलाएं द्वारा अपनें अपनें ग्रुप के साथ जोरदार गरबा, डांडिया नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान समिति के महिलाओं ने डांडिया में भाग लेते हुए डांस किया। गरबा समिति गांधी चौक द्वारा आयोजित डांडिया नृत्य का कार्यक्रम देर रात तक चलती रही। जहां अलग-अलग थीम पर गरबा का आयोजन किया गया जिसमें पर्यावरण संरक्षण, देशभक्ति के थीम पर के महिलाएं नें भाग लेते हुए जश्न मनाते नजर आये।

### पारंपरिक परिधान का आकर्षण

गरबा नृत्य के दौरान महिलाओं का पारंपरिक परिधान विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। रंग-बिरंगी चुनरिया, घाघरा-चोली और आभूषणों से सजी महिलाएं जब गोल घेरा बनाकर तालियों की थाप पर झूमी, तो देखने वाले मंत्रमुग्ध रह गए। वहीं, सुआ नृत्य की प्रस्तुति में लोक संस्कृति की, झलक देखने को मिली, जिसमें गीतों के माध्यम से सामाजिक और धार्मिक भावनाओं का चित्रण किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में गरबा समिति के कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मंच के पदाधिकारियों ने बताया कि नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, ताकि समाज में एकता, भाईचारा बनी रहे।

# गरबा में आकर्षक परिधानों और शानदार नृत्य ने लोगों का मन मोहा



**पलारी**। नगर पंचायत पलारी के शांति स्टेडियम में सिद्धेश्वर युवा मंच द्वारा आयोजित सुआ गरबा महोत्सव का तीसरा दिन भव्यता और उमंग के साथ संपन्न हुआ। बारिश के बावजूद हजारों की संख्या में जुटे श्रद्धालु और कलाकार मां देवी की भक्ति में डूबकर गरबा नृत्य का आनंद उठाते दिखे।

■ बारिश के बाद भी गरबा प्रेमियों का बरकरार रहा उत्साह

तीन दिन चले इस महोत्सव में छत्तीसगढ़ी संस्कृति के विविध रंगों का सुंदर प्रदर्शन हुआ। नृत्य में नशापान से बचाव, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता जैसे सामाजिक संदेशों को भी शामिल कर आयोजन को विशेष बनाया गया। राम, लक्ष्मण, सीता, शबरी जैसे धार्मिक पात्रों के साथ राउट नाचा, कर्मा, पंजाबी, बंगाली, राजस्थानी व दक्षिण भारतीय पोशाकों में प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। तीसरे दिन विधायक संदीप साहू ने कार्यक्रम को सफल आयोजन बताते हुए इसकी सांस्कृतिक व सामाजिक एकता में भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवा पीढ़ी को हमारी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का माध्यम हैं। कार्यक्रम में गरबा क्वीन, बेस्ट डांसर्स, थीम चाइल्ड, और विभिन्न कैटेगरी में प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। आयोजन के पीछे सिद्धेश्वर युवा मंच के सदस्यों का समर्पित योगदान रहा।



### पुरस्कार विजेता

बेस्ट गरबा क्वीन हर्षना वर्मा, सीजी क्वीन दोषिका ध्रुव, थीम चाइल्ड प्रथम अनाया ग्रुप, बेस्ट डांस महिला प्रथम प्रिया साहू सहित कई प्रतिभागियों को विधायक और अतिथियों ने सम्मानित किया।

### महत्वपूर्ण सामाजिक संदेश

इस बार के गरबा महोत्सव में नशा मुक्त जीवन, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता जैसे विषयों को नृत्य के माध्यम से प्रसारित किया गया, जिससे युवा पीढ़ी में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया।

## प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र का हुआ शुभारंभ



**भवानीपुर**। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का उद्घाटन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर गिधपुरी में हुआ। मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी पलारी डॉ. भान सिंग ध्रुव ने दीप प्रज्वलित किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गिधपुरी परिसर में मंगलवार को प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भान सिंह ध्रुव संबोधित करते हुए कहा कि जन औषधि केंद्र आमजन के लिए बड़ी राहत साबित होगा। आवश्यक जीवन रक्षक दवाएं बाजार से 50 से 80 प्रतिशत तक सस्ती दरों पर उपलब्ध होंगी। इससे मरीजों को न सिर्फ आर्थिक बोझ से राहत मिलेगी, बल्कि गुणवत्तापूर्ण दवाएं आसानी से सुलभ होंगी। समारोह में चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों के साथ क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर जनपद सभापति जनार्दन वर्मा, उप सरपंच संतन गिरी गस्वामी, योगेश साहू, धर्मेंद्र चतुर्वेदी स्वास्थ्य केन्द्र गिधपुरी, प्रभारी डॉ निगेन्द्र कवर, लता ठाकुर, मोनिका साहू, रानी बंजारे, गैदु साहू, किशोर मानिकपुरी, मेलन यादव, सेवादास, गोपाल प्रजापति, संजय कुमार, क्रांति कोशले, चित्ररेखा यादव, बृषपति रजक उपस्थित रहे।

## नई शराब दुकान खोले जाने का विरोध करते हुए कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

पलारी विकासखंड के ग्राम पंचायत गिधपुरी में नहीं शराब दुकान संचालित होने से पहले पंचायत प्रतिनिधि सहित गांव के ग्रामीण महिला पुरूष बड़ी संख्या में उपस्थित होकर ग्राम गिधपुरी में नई शराब दुकान गिधपुरी खोले जाने के विरुद्ध में बलौदाबाजार कलेक्टर दीपक सोनी को ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणोंनका कहना है कि शराब दुकान से माहौल खराब होगा, अपराध और घरेलू हिंसा बढ़ेगी, तथा बच्चों और युवाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। ज्ञापन सौंपने वालों ने प्रस्तावित नई शराब दुकानों को निरस्त करने और क्षेत्र के विकास, शिक्षा व स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने की मांग की है।

ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि नई शराब दुकानें खोलने के बजाय शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास से जुड़ी मूलभूत आवश्यकताओं पर ध्यान दिया जाए।

ज्ञापन देने में ग्राम पंचायत गिधपुरी सरपंच कौशल साहू, उपसरपंच संतन गिरी गोस्वामी, पंच योगेश कुमार साहू, चन्द्रकला साहू, मेहतरीन कवर, सुशील, भीमलाल साहू, ग्राम सचिव नंदलाल वर्मा, दीपक साहू, हीरालाल साहू, तुकेश्वर साहू, कमलनारायण साहू, मलर साहू, इन्दल साहू, नुतेश्वरी साहू, मधु साहू, ललिता वर्मा, जितरानी साहू, मिथलेश साहू, राधा बाई साहू, बड़ी संख्या में आसपास सहित ग्रामीण महिलाएं पुरूष उपस्थित रहे है।



### बच्चों और युवाओं पर प्रभाव

ग्रामीणों का मानना है कि नई शराब दुकान खुलने से सामाजिक माहौल बिगड़ेगा, परिवार और समाज कमजोर होंगे, तथा आर्थिक स्थिति और खराब हो जाएगी। शराब दुकान से बच्चों और युवाओं पर गलत प्रभाव पड़ेगा, जिससे नशे की लत बढ़ेगी और उनकी शिक्षा व भविष्य प्रभावित होगा। अपराध और घरेलू हिंसा में वृद्धिः ग्रामीणों ने यह भी तर्क दिया है कि शराब दुकानों के खुलने से अपराधों और घरेलू हिंसा की घटनाओं में वृद्धि होगी।

## बिलासपुर के जन जागरण मिशन समिति ने मनाई अनोखी नवरात्रि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसीवां

बिलासपुर के जन जागरण मिशन समिति ने हर वर्ष जरूरतमंद माता बहनों को साड़ी वितरण कर अनोखी नवरात्रि मनाती है। पिछले साल की भांति इस वर्ष भी माता बहनों से आशीर्वाद लेकर नवरात्रि में समिति के सदस्यों द्वारा वृद्धा आश्रम में जाकर फल और वस्त्र दान अनोखी नवरात्रि मनाई। कार्यक्रम में माता बहनों को साड़ी और भाईयो को एक एक टी शर्ट भेंट कर आशीर्वाद लिए साथ ही सभी व्यक्तियों की बात चीत साझा की गई। इस कार्यक्रम से आश्रम के व्यक्तियों को अपनेपन का अहसास हुआ।

कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश जायसवाल शकुंतला जायसवाल, गंगा राम साहू, द्वाश बाई साहू, धनेश्वर साहू, सुरीता साहू, दुर्गेश साहू, निर्मला साहू, हितेश चौहान, छीबाई चौहान, राकेश डहरिया, दिव्या डहरिया, सुनीता डहरिया, प्रदीप साहू धनेश्वरी साहू, सावित्री साहू, मोरध्वज साहू, पीला बाई साहू, प्रदीप दास मानिकपुरी, घनश्याम महिलाने, तरुन साहू, रूपेश साहू, गोकुल साहू, शंभू दास मानिकपुरी, अप्सरा स्टूडियो, अंकित महेश, रानू साहू, शशि साहू, जमुना साहू, चित्रलेखा साहू, नंदिनी साहू, खोलबहरा दास मानिकपुरी, गौरव साहू, हिमेश साहू का सराहनीय योगदान रहा।



**30 फीट ऊंचे रावण के पुतले का होगा दहन, गांव में भक्ति और उल्लास का माहौल**

# सात दशकों से जीवित है परसदा क की रामलीला परंपरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम पंचायत परसदा (क) जो कि खरोरा से बलौदाबाजार रोड तरफ 7 किलोमीटर दूर स्थित गांव में बीते सत्तर वर्षों से आदर्श रामलीला मंडली के सदस्यों द्वारा भव्य रामलीला का आयोजन निरंतर किया जा रहा है।मंडली के अध्यक्ष संदीप साहू द्वारा बताया गया कि यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का भी द्योतक है।

रामलीला मंचन में श्रीराम, लक्ष्मण, रावण, विभीषण, हनुमान, कुम्भकर्ण जैसे विभिन्न पात्रों की जीवंत प्रस्तुति दी जाती है। कलाकारों की निष्ठा और अभिनय से पूरा गांव भक्तिरस और उत्साह से सराबोर हो उठता है।



आयोजन के दौरान प्रत्येक दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं दर्शक बजरंग चौक में एकत्र होकर प्रभु श्रीराम के जीवन आदर्शों से प्रेरणा ग्रहण करते हैं। परंपरागत रूप से यह रामलीला मंडली गाँव के युवाओं और बुजुर्गों की सहभागिता से संचालित होती आ रही है, जो परसदा की सांस्कृतिक धरोहर बन चुकी है।

### ये निभाएंगे किरदार

श्रीराम का पात्र चंद्रकुमार साहू, लक्ष्मण का पात्र नरेश साहू, रावण का पात्र सेवक साहू, व्यास मंच में अनुज साहू, कुंभकर्ण का पात्र संदीप साहू, मेघनाथ का पात्र मोहित साहू, अंगद का पात्र मोहन साहू, विभीषण का पात्र भागवत साहू, हनुमान का पात्र खेलावन साहू, मुख्य जोकर रामजी साहू, हीरालाल साहू, सीता माता का पात्र भुनेश्वर साहू, सुग्रीव का पात्र तीजराम साहू, महिला पात्र बहर साहू, मंच में पाल पर्दा खोलना बंद करना काम रमेश साहू द्वारा सहित बहुत से किरदार मंडली के सभी सदस्यों द्वारा निभाते आ रहे है।

### सत्य और धर्म की सदैव विजय

इस आयोजन के माध्यम से यह संदेश दिया जाता है कि सत्य और धर्म की सदैव विजय होती है, और असत्य व अधर्म का अंत निश्चित है। इस वर्ष ग्राम परसदा में 1 अक्टूबर को दशहरा मैदान में विजय दशमी पर्व मनाया ाएगा। जिसमें 30 फीट रावण का दहन किया जाएगा।

